राजकॉम्प इन्फो सर्विस लि.
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

No.4.2(350)/RISL/Tech/Misc./2017/Vol-7/26224002 Dated: 12-08-2026

# सार्वजनिक सूचना / Public Notice

राजस्थान राज्य में स्थापित एटीएम, यूपीएस एवं बैटरियों के निस्तारण हेतु

वित्तीय वर्ष 2017–18 में राजकॉम्प इन्फो सर्विस लि. के माध्यम से राजस्थान के जिलों में विभिन्न ग्राम पंचायतों पर स्थित अटल सेवा केंद्रो पर 299 एटीएम, यूपीएस एवं बैट्रीज स्थापित की गयी थी।

वर्तमान में उक्त परियोजना समाप्त हो चुकी हैं तथा उक्त एटीएम, यूपीएस एवं बैटरियॉ विभाग के उपयोग में नहीं हैं। अतः इन परिसंपत्तियों के निस्तारण (Disposal) की कार्यवाही प्रस्तावित हैं।

इच्छुक अधिकृत एजेंसियों / फर्मों / ई–वेस्ट रीसाइक्लर्स / संस्थाओं से इन परिसम्पत्तियों के निस्तारण हेतु अभिरूचि (Expression of Interest) / प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत शर्ते निम्नानुसार हैं–

1. परिसम्पत्तियों का निस्तारण "as is where is" basis पर किया जावेगा।
2. इच्छुक अधिकृत एजेंसियों / फर्मों / ई–वेस्ट रीसाइक्लर्स / संस्थाओं द्वारा एटीएम, यूपीएस एवं बैट्रीज की पृथक–पृथक दर उल्लेखित की जावे। सम्पूर्ण परिसम्पत्तियों की कुल उल्लेखित दरों में से जिस एजेंसी / फर्म / ई–वेस्ट रीसाक्लर / संस्था की कुल दरे सबसे अधिक (H1) होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी।
3. निविदाकर्ता के पास ई–वेस्ट प्रबंधन नियम, 2022 के अंतर्गत केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) अथवा संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा जारी अधिकृत ई–अपशिष्ट पुनर्चक्रणकर्ता (Recycler) / विघटनकर्ता (Dismantler) / रीफर्बिशर (Refurbisher) का वैध प्रमाणीकरण / पंजीकरण प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य होगा।
4. निविदाकर्ता को अपनी तकनीकी बोली के साथ वैध जीएसटी पंजीकरण प्रमाण–पत्र (GST Registration), स्थायी खाता संख्या (PAN) तथा आयकर से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़ / प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. सफल निविदाकर्ता को कार्यादेश जारी होने की तिथि से 15 (पन्द्रह) कार्य दिवसों के भीतर एक वचन–पत्र (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि ATM मशीनों एवं अन्य ई–अपशिष्ट का निष्पादन E-Waste Policy, 2022 तथा भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी प्रासंगिक दिशा–निर्देशों एवं प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

परिसम्पतियों की सूची एवं Configuration विभाग की वेबसाइट https://emitra.rajasthan.gov.in/emitra/home पर उपलब्ध हैं।

स्थान, निरीक्षण की तिथि एवं अन्य जानकारी निम्नानुसार हैं–

| विवरण | तिथि / स्थान |
|---|---|
| परामर्श / चर्चा बैठक की सम्भावित तिथि / समय / स्थान | 21 अगस्त 2026, प्रातः 11.00 बजे सूचना प्रौ. विकास और ई–गवर्नेस भवन, झालाना रोड, जयपुर |
| प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 9 सितम्बर 2026, दोपहर 1.00 बजे तक |
| परिसम्पत्तियों के निरीक्षण की तिथि | 24.08.2026 से 09.09.2026 (केवल राजकीय कार्यदिवस में) |
| प्रस्ताव खोलने की तिथि | 9 सितम्बर 2026, सांय 3.00 बजे |

| | |
|---|---|
| अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें: | उमेश चंद जोशी, अति. निदेशक<br>सम्पर्क नं.– 9694418180<br>ईमेल– umeshcj.doit@rajasthan.gov.in |

अति. निदेशक,
सूचना प्रौ. और संचार विभाग,
जयपुर

(Umesh Chand Joshi)
Additional Director, DoIT&C